श्रीमती शुभ्रा सिंह ने संभाला नई दिल्ली में राजस्थान के अतिरिक्त मुख्य सचिव (समन्वय) एवं प्रमुख आवासीय आयुक्त का पदभार।

नई दिल्ली, भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1989 बैच की वरिष्ठ आई.ए.एस. अधिकारी श्रीमती शुभ्रा सिंह ने नई दिल्ली के बीकानेर हाउस स्थित राजस्थान के आवासीय आयुक्त कार्यालय में अतिरिक्त मुख्य सचिव (समन्वय) एवं प्रमुख आवासीय आयुक्त का पदभार सितम्बर 22, 2021 को ग्रहण कर लिया। श्रीमती सिंह ने इसके पूर्व भी इसी पद के साथ ही राजस्थान सरकार तथा भारत सरकार में महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दी है।

श्रीमती शुभ्रा सिंह भारत सरकार के परिवार कल्याण विभाग में निदेशक एवं उप सचिव; वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में संयुक्त सचिव; कार्यकारी निदेशक, भारत व्यापार संवर्धन संगठन तथा राष्ट्रीय औषध मुल्य निर्धारण प्राधिकरण में चेयरपर्सन के पदों पर भी सेवाएं दे चुकी हैं। इससे पूर्व श्रीमती सिंह ने राजस्थान सरकार के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में सचिव, परिवार कल्याण व राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन; आयुक्त, सर्व शिक्षा अभियान; राजस्व बोर्ड में सदस्य; जिला कलेक्टर करौली के साथ ही विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवांए दी हैं।

श्रीमती शुभ्रा सिंह को 2011 में राजस्थान की जनगणना (Census 2011) सफलता पूर्वक निष्पादित करने पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा रजत पदक प्रदान किया गया था। श्रीमती सिंह ने राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (National Rural Health Mission), Make In India तथा कोविड – 19 में देशव्यापी दवा उपलब्धता में सार्थक योगदान दिया है।